दिनांक 24 मार्च 2020
स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम कार्यालय में अत्यावश्यक सेवाओं को छोड़कर बंद रहे अन्य विभाग

भिलाई नगर/ नोवल कोरोना वायरस के मद्देनजर नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सहित जोन कार्यालय के अति आवश्यक सेवाओं को छोड़कर शेष विभाग आज बंद रहे! शासन से आदेश जारी होने के बाद निगम के अत्यावश्यक सेवाएं विद्युत, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की सेवाएं सुचारू रूप से चालू है! इसके अतिरिक्त जो विभाग बंद है उनके अधिकारियों/कर्मचारियों को मुख्यालय नहीं छोड़ने के आदेश प्रदाय किए गए हैं इसके साथ ही मोबाइल नंबर/टेलीफोन नंबर एवं इलेक्ट्रॉनिक सेवा को चालू रखने निर्देशित किया गया है ताकि आवश्यकता होने पर संपर्क कर बुलाया जा सके!

जनसंपर्क अधिकारी